कोटद्वार, गुरूवार
24 अप्रैल 2025
वर्षः 47
अंकः 6 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

युवती के चेहरे पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी

रूड़की । हरिद्वार के रुड़की क्षेत्र में बुधवार को एक खौफनाक घटना सामने आई। यहां एक युवक ने किसी बात पर बहस के बाद युवती के चेहरे पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। इसके बाद खुद का भी गला रेत दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। यह घटना रुड़की के बुग्गावाला थाना क्षेत्र स्थित बुधवाशहीद गांव के यूजी रेस्तरां की है। यहां पर सहारनपुर (देवबंद नागल) निवासी युवती सलोनी और नई मंडी मुजफ्फरनगर निवासी युवक प्रिंस कुमार के बीच किसी बात पर बहस शुरू हो गई। काफी देर तक दोनों आपस में झगड़ते रहे। तभी अचानक युवक ने युवती चाकू से हमला कर दिया। साथ ही उसके चेहरे पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। इसके बाद युवक ने खुद का गला रेत डाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंचाया। युवक की हालत अधिक गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार युवती बुग्गावाला में एक रेस्तरां में काम करती है। उसका प्रिंस कुमार से बीते 10 वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन, शादी को लेकर युवक के परिजन तैयार नहीं हुए तो वह अपने लिए दूसरा रिश्ता तलाश करने लगी। इसी बात से नाराज युवक ने यह खौफनाक कदम उठा लिया।

बागेश्वर में अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बाइक, लाइनमैन घायल

बागेश्वर। नागर, दोफाड़ में बुधवार को बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से सवार लाइनमैन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां से गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया है। दुगनाकुरी तहसील के जारती गांव निवासी 28 वर्षीय पवन सिंह मेहता पुत्र राम सिंह ऊर्जा निगम की लाइन ठीक करने नागर, दोफाड़ गए थे। लौटते समय उनकी बाइक गहरी खाई में गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें खाई से बाहर निकाला और सड़क तक लाए। जहां से एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा। इमरजेंसी में नियुक्त डॉ. गुंजन ने बताया कि घायल के सिर तथा हाथ में गंभीर चोट है। उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के दो घंटे के भीतर शासनादेश हुआ जारी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा काशीपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की गई घोषणा के महज दो घंटे के भीतर शासनादेश जारी कर राज्य सरकार ने अपनी त्वरित कार्यप्रणाली का उदाहरण प्रस्तुत किया है।राज्य योजना के अंतर्गत जनपद उधमसिंह नगर की विधानसभा क्षेत्र बाजपुर में स्थित जैतपुर–धनौरी मार्ग (किमी 1 से 9) के डी.बी.एम. एवं बी.सी. कार्यों द्वारा सुधारीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस कार्य के लिए कुल 1013.95 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कार्यक्रम के दौरान इस महत्वपूर्ण मार्ग के सुदृढीकरण की घोषणा करते हुए अधिकारियों को दो घंटे के भीतर शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए थे। शासन द्वारा इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए शासनादेश निर्गत कर दिया गया।

अमेरिका और इजरायल की तरह आतंकियों को जवाब दें: रामदेव

हरिद्वार । योगगुरु रामदेव ने बुधवार को कहा कि भारत विरोधी लोग आतंकियों को फंडिंग कर रहे हैं। कहा कि पहलगाम की आतंकी घटना के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। कहा कि हमें अमेरिका और इजरायल की तरह आतंकियों को जवाब देना चाहिए। जिस तरह से अमेरिका और इजरायल अपने दुश्मनों को माफ नहीं करते उसी तरह भारत को भी अपने दुश्मनों को नहीं छोड़ना चाहिए। योगग्राम में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में योगगुरु ने कहा कि यह पहली बार हिंदुओं को टारगेट करने वाली आतंकी घटना मात्र नहीं है बल्कि भारत में हिंदू–मुसलमानों के बीच नफरत, खून खराबा और गृहयुद्ध जैसे हालात पैदा करने के मंसूबे हैं। रामदेव ने कहा कि उनका सरकार से आग्रह है कि अब समय गया है कि पीओके का भारत में विलय किया जाए और जितने भी आतंकवादी कैंप चल रहे हैं, उन्हें ध्वस्त किया जाए।

आतंकियों पर एक्शन की तैयारी, सऊदी से लौटते ही पीएम मोदी ने हवाई अड्डे पर ही बुलाई बैठक

नई दिल्ली ,। पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब दौरा रद्द कर तुरंत भारत लौटे। दिल्ली पहुंचते ही एयरपोर्ट पर उन्होंने आपात बैठक बुलाई। इस अति महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और विदेश सचिव मौजूद थे। प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा से वापसी के तुरंत बाद इस उच्च स्तरीय बैठक में हमले की गंभीरता, अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया और सुरक्षा रणनीतियों पर विस्तार से मंथन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल होने के बाद बाकी कार्यक्रम छोड़कर बुधवार सुबह स्वदेश लौट आए। मंगलवार को पहलगाम में निहत्थे टूरिस्ट्स पर हुए कायराना हमले की चौतरफा निंदा हो रही है। हमले के तुरंत बाद पीएम मोदी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बात की। शाह तुरंत श्रीनगर के लिए रवाना हो गए थे। इससे पहले आतंकी हमले के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने अपने घर पर आपात बैठक बुलाई। इस बैठक में आईबी चीफ, गृह सचिव भी मौजूद रहे। इसके अलावा अमित शाह ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की। इस बैठक में सीआरपीएफ डीजी, जम्मू–कश्मीर डीजी, सेना के अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिवार के सदस्यों के साथ हैं। इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे तथा उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे।

उन्होंने आगे बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घटना के बारे में जानकारी दी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सभी एजेंसियों के साथ तत्काल सुरक्षा समीक्षा बैठक करने के लिए शीघ्र ही श्रीनगर के लिए रवाना होऊंगा। जम्मू–कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा, मैं अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हूं। हमारे आगंतुकों पर यह हमला एक घृणित कार्य है। इस हमले के अपराधी जानवर, अमानवीय और घृणा के पात्र हैं।

पहलगाम आतंकी हमला : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीच में छोड़ी अमेरिका–पेरू यात्रा

नई दिल्ली , जम्मू–कश्मीर में मशहूर पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिका–पेरू की अपनी आधिकारिक यात्रा बीच में ही छोड़ दी। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी कि वित्त मंत्री इस कठिन और दुखद समय में अपने लोगों के साथ रहने के लिए वापस लौट रही हैं। भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की तैयारी कर रहा है। इसी कड़ी में भारत की आर्थिक गतिशीलता को दर्शाने के लिए वित्त मंत्री सीतारमण 20 अप्रैल को अमेरिका–पेरू की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में वित्त मंत्रालय ने लिखा, केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिका–पेरू की अपनी आधिकारिक यात्रा बीच में ही छोड़ रही हैं।

उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सेना ने दो आतंकी किए ढेर

श्रीनगर ,जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले के 24 घंटे के भीतर, बुधवार को उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में भारतीय सेना ने एक और बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। नियंत्रण रेखा (रुशाष्ट) पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकियों को चुनौती दी गई, जिसके बाद शुरू हुई मुठभेड़ में सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना की चिनार कोर ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि 23 अप्रैल को बारामूला जिले के उरी नाला इलाके में सरजीवन के पास 2–3 आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सतर्क जवानों ने समय रहते उन्हें रोक लिया, जिससे भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद और युद्ध जैसे अन्य साजो–सामान बरामद किए गए हैं। सेना का सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है और पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। गौरतलब है कि मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 27 लोगों की जान गई थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी घाटी में अलर्ट पर हैं। लगातार दो दिन में हुई आतंकी घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि सीमापार आतंकी संगठन नई रणनीति के तहत कश्मीर में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, भारतीय सेना की चौकसी और तेज़ कार्रवाई ने एक बड़ा खतरा टाल दिया है।

पहलगाम आतंकी हमला

जम्मू–कश्मीर सरकार ने मुआवजे का किया ऐलान

मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 10 लाख

जम्मू ,जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में कई बेगुनाह लोगों ने अपनी जान गंवाई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। इस दुखद घटना के बाद जम्मू–कश्मीर सरकार ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मुआवजे की घोषणा की है।

सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 10 लाख रुपये और घायलों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। वहीं, मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई। जम्मू–कश्मीर मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी। एक्स पोस्ट में लिखा गया, पहलगाम में कल हुए घृणित आतंकवादी हमले से मैं बहुत स्तब्ध और व्यथित हूं। निदोष नागरिकों के खिलाफ इस बर्बर और मूर्खतापूर्ण क्रूरतापूर्ण कृत्य का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। हम मृतकों के प्रति शोक व्यक्त करते हैं। पोस्ट में कहा गया कि कोई भी धनराशि प्रियजनों के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती, लेकिन समर्थन और एकजुटता के प्रतीक के रूप में, जम्मू–कश्मीर सरकार मृतकों के परिवारों के लिए 10–10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए 2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा करती है। पीड़ितों को उनके घरों तक वापस ले जाने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।

रिश्ते में जिसे भाई माना उसने किया दुष्कर्म और ब्लैकमेल

देहरादून । महिला ने रिश्ते में भाई कहे जाने वाले व्यक्ति पर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और जान से मारने की धमकी आरोप में केस दर्ज कराया है। पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने करनाल के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर पटेलनगर हरिओम राज चौहान ने बताया कि पीड़िता ने तहरीर दी। कहा कि शादी के बाद उसकी एक बेटी है। ससुराल पक्ष से अलग दून में अपने मायके में रहती है। यहां अक्सर नितिन वर्मा पुत्र चमन लाल निवासी करनाल, हरियाणा आता था। पीड़िता ने कहा कि वह उसे भाई बोलती थी। नितिन कई बार परेशानी साझा करने पर मदद करता था। पीड़िता के अनुसार फरवरी 2024 में आरोपी ने किसी जरूरी काम का बहाना बनाकर उसे देहरादून के आईएसबीटी स्थित एक होटल में बुलाया। होटल में आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें भी बना लीं। इसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेलिंग और शारीरिक शोषण जारी रखा। कई बार महिला को हरियाणा बुलाकर भी उसके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोप है कि ब्लैकमेल कर रहे आरोपी ने अन्य लोगों से अवैध संबंध बनाने का दबाव भी डाला। तब हिम्मत जुटाकर पीड़िता ने पुलिस को मामला बताया। पीड़िता आरोप है कि नितिन ने उसे काफी रकम भी ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेल और अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुरक्षा एजेंसियों ने चश्मदीदों से पूछताछ के बाद पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों के स्केच जारी किए

जम्मू ,जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जांच की दिशा में बड़ी प्रगति करते हुए हमले में शामिल संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी कर दिए हैं। ये स्केच घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीद गवाहों से पूछताछ के आधार पर तैयार किए गए हैं।

पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में क्क, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक हैं। नेपाल और श्र के एक–एक टूरिस्ट और 2 स्थानीय भी मारे गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। शाह अब बैसरन घाटी पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का दो दिन दौरा छोड़ बुधवार सुबह भारत लौट आए हैं।

स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिवारों के प्रति उत्तराखंड सरकार समर्पित : धामी

●मुख्यमंत्री धामी ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को किया याद●मुख्यमंत्री ने युवाओं को देशभक्ति और साहस के मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेशावर कांड की वर्षगांठ पर विकासखंड थलीसैंण के पीठसैंण में आयोजित राजकीय क्रांति दिवस मेले में प्रतिभाग किया। इस मौके पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि आजादी के वीर सिपाहियों के त्याग और बलिदान के कारण आज हम खुली सांस ले पा रहे हैं। कहा कि प्रदेश सरकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीर जवानों के परिजनों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार इस नृशंस कृत्य का बदला अवश्य लेगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएगी।

बुधवार को पीठसैंण स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्मारक स्थल पर आयोजित राजकीय क्रांति दिवस मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पहले उन्होंने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड के साथ ही समूचे देश के गौरव हैं। पेशावर में निहत्थे लोगों पर गोली चलाने से इंकार कर उन्होंने मानवता और नैतिकता का जो उदाहरण पेश किया, वह इतिहास में अमर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वीर गढ़वाली की स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरित करने के लिए उनके जीवन पर आधारित कार्यक्रम चला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की इस स्वर्णिम यात्रा में उत्तराखंड का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उत्तराखंड देवभूमि के साथ वीरभूमि भी है, हमें अपनी सैनिक परंपरा और देशभक्ति की विरासत पर गर्व हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वतंत्रता सेनानियों और देश की सरहद पर तैनात वीर जवानों के परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

सीएम ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने थलीसैंण क्षेत्र में 10वी व 12वी के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वही विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों व पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। राजकीय क्रांति दिवस मेले में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर उपस्थित लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

50 वर्ष से अधिक आयु के श्रद्धालुओं का हेल्थ चेकअप अनिवार्य

●स्क्रीनिंग सेंटर में मिलेगी खास सुविधा

देहरादून। चारधाम यात्रा में आने वाले 50 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य होगी। यात्रा मार्ग पर बनाए गए स्क्रीनिंग केंद्रों में इनकी जांच की जाएगी। विशेष यह कि इन स्क्रीनिंग प्वाइंट पर बहुभाषी स्टाफ तैनात किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं से आसानी से बात करेंगे और उनकी समस्याओं का जानकर प्राथमिक जांच व स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करेंगे। बुधवार को सचिव स्वास्थ्य डा आर राजेश कुमार ने सचिवालय में चारधाम यात्रा के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्ग पर तैनात मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्थायी और अस्थायी चिकित्सा इकाईयों को आवश्यक दवा, चिकित्सकीय उपकरण और प्रशिक्षित मानव संसाधन के साथ पूरी तरह तैयार रखा जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सहज व स्पष्ट स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करने के लिए 13 भाषाओं में हेल्थ एडवाइजरी जारी की जा रही है। यह एडवाइजरी यात्रा मार्ग पर होटलों, रेस्टोरेंट व पार्किंग स्थल पर क्यू आर कोड के माध्यम से श्रद्धालुओं को दी जाएगी। साथ ही प्रमुख ठहराव स्थलों पर बड़े होर्डिंग के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का प्रचार किया जाएगा।

केदारनाथ में अस्पताल संचालित होने की उम्मीद

बैठक में बताया गया कि 17 बेड वाले केदारनाथ अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। कार्यदायी संस्था ने यात्रा शुरू होने से पहले इसकी दो मंजिलें पूर्ण रूप से संचालित करने का भरोसा दिया है। इस वर्ष अस्पताल को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है। इनमें एक्स–रे, रक्त जांच, ईसीजी, मल्टी पैरामानीटर और आथी स्पेशलिस्ट की सेवाएं भी शामिल हैं। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर फाटा और पैदल मार्ग की चिकित्सा इकाईयों को भी सशक्त किया गया है। यहां हड्डी रोग विशेषज्ञ की तैनात की जा रही है। साथ ही यहां एक्स–रे की सुविधा भी होगी।

यह भी पढ़ें–डीर१ल्लंइ फङ्कस्त्री६८ के जल्द निर्माण की राह आसान, फाइनेंशियल बिड खुली; अडानी इंटरप्राइजेज ने लगाई सबसे बड़ी बोली!

चमोली में 30 अप्रैल तक तैयार होंगी 20 चिकित्सा इकाईयां

चमोली जिले के यात्रा मार्ग पर 20 चिकित्सा इकाईयों को 30 अप्रैल तक पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा। यहां आवश्यक उपकरण, दवा व स्वास्थ्य कार्मिक तैनात किए जाएंगे।

भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा–शाह

जम्मू ,जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले पर देशभर में रोष व्याप्त है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए मृतकोंको श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, भारी मन से पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के घटनास्थल बैसारन क्षेत्र पहुंचे। पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट

नेपाल सीमा पर कड़ी निगरानी

लखनऊ, जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरतने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में नेपाल से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा और सभी जिलों के बस स्टेशनों व रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए यूपी पुलिस को अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि जम्मू एवं कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम हिल स्टेशन पर मंगलवार को आतंकियों ने हमला किया था। हमले में दो विदेशियों सहित 16 पर्यटकों की मौत हो गई और 20 अन्य पर्यटक और स्थानीय लोग घायल हो गए। हालांकि, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। समूचे विश्व ने इस हमले की निंदा की है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस पर नजर बनाए हुए हैं।

इस घटना के तुरंत भारतीय सुरक्षा बल इलाके की निगरानी कर रहे हैं। सेना की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, संयुक्त बल स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

पहलगाम हमला : कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर सीधा वार

पर्यटन उद्योग को तगड़ा झटका, 12,000 करोड़ के कारोबार पर संकट



श्रीनगर ,जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुआ ताज़ा आतंकी हमला सिर्फ मासूम पर्यटकों पर किया गया हमला नहीं है, बल्कि यह कश्मीर की सांस्कृतिक विरासत, उसकी आत्मा और यहां के लाखों लोगों की रोज़ी–रोटी पर सीधा और गहरा प्रहार है। हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक कश्मीर घूमने आते हैं और यही पर्यटन यहां की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। इस हमले ने इस महत्वपूर्ण उद्योग को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। कश्मीर, जिसे 'धरती का स्वर्गझ्र कहा जाता है, का पर्यटन उद्योग लगभग 12,000 करोड़ रुपये का है। यह राज्य की जीडीपी में 7–8 प्रतिशत की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखता है। उम्मीद थी कि 2030 तक यह उद्योग बढ़कर 25,000 से 30,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा, लेकिन इस आतंकी वारदात ने उस विकास यात्रा पर एक गंभीर ब्रेक लगा दिया है। कश्मीर में पर्यटन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां जैसे होटल, हाउस बोट, टैक्सी सेवाएं, गाइड और हस्तशिल्प सीधे तौर पर लगभग 2.5 लाख लोगों के लिए जीविका का साधन हैं। डल झील में चलने वाली 1500 से अधिक हाउस बोट, 3000 से ज्यादा होटल के कमरे और अनगिनत कैब सेवाएं अब अनिश्चितता और सन्नाटे का सामना कर सकती हैं। हमले के तुरंत बाद से ही कश्मीर के लिए हुई बुकिंग्स में भारी मात्रा में कैंसिलेशन की खबरें आ रही हैं। फ्लाइट टिकट से लेकर होटल और टैक्सी तक, सब कुछ रद्द कराया जा रहा है, जिससे पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों में निराशा और चिंता है। गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगाम और डल झील जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हर साल लाखों सैलानी आते हैं। वर्ष 2024 में रिकॉर्ड 2.36 करोड़ पर्यटकों ने कश्मीर का दौरा किया था, जिनमें 65,000 से अधिक विदेशी पर्यटक भी शामिल थे। अकेले गुलमर्ग से ही पिछले साल 103 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। लेकिन, अब ये सारे पर्यटन केंद्र डर और अनिश्चितता के साये में हैं। कश्मीर न केवल सामान्य पर्यटकों की पसंद रहा है, बल्कि यह बॉलीवुड और ओटीटी प्रोड्यूसर्स के लिए भी शूटिंग का एक पसंदीदा डेस्टिनेशन रहा है। इसके अलावा, डेस्टिनेशन वेडिंग की बढ़ती मांग ने भी हाल के वर्षों में यहां के पर्यटन को गति दी थी। लेकिन, अब फिल्म यूनिट्स और वेडिंग प्लानर्स भी अपनी योजनाओं पर पुनर्विचार कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने भी कश्मीर में पर्यटन के विकास और इसे फिर से पटरी पर लाने के लिए 1000 करोड़ रुपये की विशेष योजना बनाई थी। एयर कनेक्टिविटी में सुधार किया जा रहा था, वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें शुरू होने वाली थीं, और विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए ऑन–अराइवल वीज़ा जैसी योजनाएं भी चलाई जा रही थीं। 75 नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन, हेरिटेज साइट्स और धार्मिक स्थलों को विकसित करने का काम भी चल रहा था। लेकिन, आतंकवाद की इस एक वारदात ने इन सभी प्रयासों और कश्मीर के सुनहरे भविष्य की उम्मीदों को धुंधला कर दिया है। यह हमला सिर्फ बेकसूर लोगों पर नहीं, बल्कि कश्मीर के विकास और यहां के लोगों के आर्थिक भविष्य पर किया गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री ने श्रीनगर से चार अतिरिक्त उड़ानों का किया ऐलान

नई दिल्ली , जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने प्रभावित पर्यटकों और पीड़ितों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं। मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और संबंधित अधिकारियों के साथ निकट समन्वय में काम करते हुए चौबीसों घंटे स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। तत्काल राहत उपायों के हिस्से के रूप में श्रीनगर से चार विशेष उड़ानों (दो दिल्ली और दो मुंबई के लिए) की व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त उड़ानों को स्टैंडबाय पर रखा गया है ताकि निकासी की आगे की जरूरतों को पूरा किया जा सके। राम मोहन नायडू ने सभी एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ एक तत्काल बैठक की और सर्ज प्राइसिंग के खिलाफ सख्त सलाह जारी की। एयरलाइनों को नियमित किराया स्तर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस संवेदनशील समय में किसी भी यात्री पर बोझ न पड़े।

सम्पादकीय

निंदा नीति स्वीकार्य नहीं

घाटी में एक बार फिर आतंकवाद में सर उठाया है और इस बार जो कुछ भी अंजाम दिया गया उसने पूरे देश को हिला कर रख दिया। चिंता की बात यह है की आतंकवादी हमला पूरी तरह से टारगेट किलिंग की अवधारणा अंजाम दिया गया। पहलगाम में कश्मीर के पर्यटन को पंख लगा रहे पर्यटक भारी संख्या में पहुंचे थे लेकिन इस बात से अनभिज्ञ थे कि मौत उनके बेहद करीब पहुंच चुकी है। 4 से 6 आतंकवादियों ने पर्यटकों को उनका नाम और धर्म पूछ कर बेहद करीब से गोलियां मारी। आतंकवादी सीधे तौर पर उन पर्यटकों को मौत के घाट उतार रहे थे जो हिंदू थे और निश्चित करके आए थे कि इस घटना के बाद घाटी में कोई पर्यटन के लिए आने की हिम्मत जुटा पाए। घटना शर्मनाक होने के साथ–साथ देश की सरकार के लिए एक सबक भी है क्योंकि भले ही सरकार घाटी में शांति लौट आने के दावे करते नहीं थक रही थी लेकिन शायद यह भूल गई की कुछ किलोमीटर दूर एक ऐसा नापाक दुष्ट देश है जो कभी भी कश्मीर में शांति का पक्षधर नहीं रहा है। इसी पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त कर आतंकियों की टीम ने निर्दोष भारतीय नागरिकों को निशाना बनाकर 26 पर्यटकों को मौत की नींद सुला दिया। इस घटना के बाद यह तो सुनिश्चित हो ही गया है कि देश में एक बड़ी धार्मिक विद्वेष की चिंगारी सुलगने की तैयारी है और इसी को भड़काने के लिए भी पर्यटकों के नाम पूछ कर उन्हें गोली मारी गई। घाटी का यह स्वरूप सरकार को अब समझ में आ जाना चाहिए निंदा और खोखली चेतावनी देने का क्रम बंद होना चाहिए। इस आतंकी घटना को लगभग दो दिन होने को है लेकिन अभी तक एक भी आतंकी को मौत के घाट नहीं उतारा गया है हालांकि सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरे जी जान से इन आतंकियों को अंजाम तक पहुंचाने की मुहिम पर निकल पड़ी है। अब एक नजर डालें कश्मीर में फल फूल रहे पर्यटन की तो यह भी निश्चित हो चुका है कि पाकिस्तान और उसकी जमीन पर पनपने वाले आतंकी संगठनों को घाटी का यह बदलता स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। एक लंबे समय के बाद कश्मीरी लोगों को पर्यटन के माध्यम से कमाई का जरिया प्राप्त हुआ है लेकिन अब लगता है कि भविष्य में इस क्षेत्र में भी कश्मीर के कारोबारियों पर बड़ा संकट आने वाला है। हिंदुस्तान कई देशों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से जूझता आ रहा है और न जाने कितने ही सुरक्षा कर्मियों के अलावा निर्दोष नागरिकों को अपनी जान देनी पड़ी है। यह क्रम न जाने कब थमेगा, लेकिन इतना जरूर है कि सरकार को कश्मीर से लेकर भारत पाक सीमा तक सुरक्षा का ऐसा तंत्र तैयार करना होगा जिसमें आतंकवाद के लिए रहम नाम का शब्द मौजूद ही ना हो। 26 पर्यटकों की जान की कीमत सिर्फ निंदा और कैंडल मार्च नहीं हो सकती। सरकार के अंदर थोड़ी सी भी संवेदना और देश के सुरक्षा के प्रति यदि गंभीरता है तो कुछ ना कुछ प्रतिक्रिया तो दुष्ट पड़ोसी के खिलाफ उजागर करनी ही होगी।

जैसे को तैसा जवाब देने का इरादा

वैश्विक वित्तिय हल्कों में अफवाह है कि अमेरिकी ट्रेजरी के दीर्घकालीन बांड्स की बाजार में धड़ाधड़ बिक्री (कोई 29 ट्रिलियन डालर के) हुई तो ट्रंप के हाथ पांव फूले। उन्होने चीन को छोड़ सभी देशों पर लगे टैरिफ को 9 जुलाई तक टाला। सोचे, कौन झुका, कौन घबराया? डोनाल्ड़ ट्रंप। चीन में इतना सोचना–विचारना, हिम्मत और दीर्घकालीन तैयारी है जिससे वह हर तरह की तैयारी में है। वैश्विक वित्तिय बाजार में निवेश का सर्वाधिक सुरक्षित–खरा औजार अमेरिकी ट्रेजरी के बांड्स माने जाते है। और ये सर्वाधिक किसके पास है? जापान नंबर एक पर है और उसके बाद चीन के पास 761 बिलियन डालर के अमेरिकी बांड्स है। यदि चीन अकेले अमेरिकी बांड्स में बेचने शुरू करे व जापान भी इसी रास्ते पर चल पड़े तो अमेरिका की वित्तिय ताकत कुछ ही घंटों में राख में बदल जाएगी। तभी ट्रंप के हाथ–पांव फूले। चीन को अपना दुश्मन चिंहित कर बाकि देशों पर अतिरिक्त टैरिफ रोका। कहते है जापान ने भी कुछ अमेरिकी बांड्स निकाले। उधर योरोपीय संघ के 27 देशों में से 26 देशों ने अमेरिका के खिलाफ टैरिफ की तैयारियों पर सहमति दी। कनाड़ा और मेक्सिकों ने बदले के कदम उठाए। पूरी तरह निर्यात पर टिके दक्षिण कोरिया, विएतनाम, कंपूचिया ने अपने प्रतिनिधी वाशिगंटन दौड़ा कर देश के व्यापार को बचाने की कोशिशे की।

हरिशंकर व्यास

भारत गजब की मायावी विश्वगुरूता में है! गुजरे सप्ताह पूरी दुनिया में डोनाल्?ड ट्रंप से उथलपुथल हुई। सभी देश ट्रंप प्रशासन से बेइज्जत हुए। ट्रंप ने बड़ी इकॉनोमी में चीन के बाद भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगा उसे नंबर दो पर रखा। मगर हममें इसकी कोई प्रतिक्रिया, कोई विचार नहीं हुआ।

इस खामोख्याली में रहे कि ट्रंप ने हमें उतना नहीं मारा जितना चीन को और उसके साथ विएतनाम, कंपूचिया को मारा! हमें औकात दिखाई बावजूद इसके हम गौरवान्वित थे! चीन ने बतौर रियल महाशक्ति के अमेरिका से कहां– 'हम चुनौती के आगे झुकने वाले नहीं! हम आखिर तक लड़ेंगे।' और वैश्विक वित्तिय हल्कों में अफवाह है कि अमेरिकी ट्रेजरी के दीर्घकालीन बांड्स की बाजार में धड़ाधड़ बिक्री (कोई 29 ट्रिलियन डालर के) हुई तो ट्रंप के हाथ पांव फूले।

उन्होने चीन को छोड़ सभी देशों पर लगे टैरिफ को 9 जुलाई तक टाला। सोचे, कौन झुका, कौन घबराया? डोनाल्ड़ ट्रंप। चीन में इतना सोचना–विचारना, हिम्मत और दीर्घकालीन तैयारी है जिससे वह हर तरह की तैयारी में है। वैश्विक वित्तिय बाजार में निवेश का सर्वाधिक सुरक्षित–खरा औजार अमेरिकी ट्रेजरी के बांड्स माने जाते है। और ये सर्वाधिक किसके पास है? जापान नंबर एक पर है और उसके बाद चीन के पास 761 बिलियन डालर के अमेरिकी बांड्स है। यदि चीन अकेले अमेरिकी बांड्स में बेचने शुरू करे व जापान भी इसी रास्ते पर चल पड़े तो अमेरिका की वित्तिय ताकत कुछ ही घंटों में राख में बदल जाएगी।

तभी ट्रंप के हाथ–पांव फूले। चीन को अपना दुश्मन चिंहित कर बाकि देशों पर अतिरिक्त टैरिफ रोका। कहते है जापान ने भी कुछ अमेरिकी बांड्स निकाले। उधर योरोपीय संघ के 27 देशों में से 26 देशों ने अमेरिका के खिलाफ टैरिफ की तैयारियों पर सहमति दी। कनाड़ा और मेक्सिकों ने बदले के कदम उठाए। पूरी तरह निर्यात पर टिके दक्षिण कोरिया, विएतनाम, कंपूचिया ने अपने प्रतिनिधी वाशिगंटन दौड़ा कर देश के व्यापार को बचाने की कोशिशे की।

और भारत ने क्या किया? कुछ नहीं! मानों हम न तीन में और न पांच में। ठिक भी बात है। विश्व व्यापार में भारत का कुल हिस्सा सिर्फ 2.4 प्रतिशत है। मगर गडबड यह है कि अमेरिका ही सबसे बड़ा वह देश है जिसे हम बेचते ज्यादा है और खरीदते कम है। हमें लाभ अमेरिका से ही है। इसलिए ट्रंप की चिढ़ है कि भारत जैसे देश से भी हम घाटे में है।

तभी ट्रंप ने नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान दबाव बना कर बजट से अमेरिकी उत्पादनों पर डूयटी घटवाई। फिर भी 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए। मगर भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह रूख था कि बात करेंगे। हम कर ही क्या सकते है! भारत ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वह भी जैसे को तैसा जवाब देने का इरादा रखता है इसलिए तय माने डोनाल्ड़ ट्रंप भारत से कोई रियायत नहीं करेंगे। जुलाई में 26 फिसदी टैरिफ के अलावा वे भारत के फार्मास्यूटिकल सेक्टर की अलग कमर तोड़ेंगे। सो विदेश व्यापार की वास्तविकता से भी पता चलता है कि भारत न अपने बाजार में चीन की आर्थिक लूट को रोकने के विचार में समर्थ है और न अमेरिका या विश्व व्यापार में कोई ठोस, बराबरी का रिश्ता बना सकने का रोडमैप है।

इसलिए कि इस सबके लिए सोच–विचार का दिमाग है कहां? बस, एक ही इलहाम, एक ही ख्याल है कि हम विश्वगुरू! सोचे, पिछले दस वर्षों में दुनिया की बड़ी घटनाओं, विकास और ट्रेंड में क्या–क्या है? ट्रंप के व्यापार युद्ध से पहले, इजराइल–हमास युद्ध, रूस–यूक्रेन युद्ध है। चीन ने भारत की सीमा पर दादागिरी दिखाई। पता नहीं भारत का कितना इलाका कब्जाया। अफगानिस्तान में तालिबानी वर्चस्वता बनी। दक्षिण एसिया के हर देश में चीन का दबदबा फैला। भारत में भी जलवायु परिवर्तन और मौसम की जानलेवा मार का ट्रेंड है। वैश्विक पैमाने पर आर्टिफिशियल बुद्धीमत्ता की छलांगे, स्पेस दौड़, मेटावर्स–एआरवीआर, क्रिप्टोकरेंसी में क्या–क्या नहीं होता हुआ है!

जबकि भारत की थिंकिंग, नैरेटिव, प्राथमिकता क्या है? हमें फ्री बांटने, रैवडियों की व्यवस्था बनानी है। हमें धर्म और जाति से चुनाव जीतना है। हमारी भीड़ हमारी ताकत है। भीड़ की भक्ति, भोंडापन देश का विकास है। हिंदू–मुस्लिम की मुर्गा लड़ाई हमारे राष्ट्रीय एकीकरण और राष्ट्र निर्माण का रास्ता है। डोनाल्ड़ ट्रंप ने 'अमेरिका फर्स्ट' के फितूर में सभी देशों को इस सोच–विचार के लिए मजबूर किया कि तब हमारा क्या?हम कैसे अपने आपको बदले? क्या नया सोचे? विश्व की तमाम तरह की व्यवस्थाओं के सिनेरियों में ब्रिटेन, योरोपीय संघ, जापान, चीन, आस्ट्रेलिया आदि लगभग सभी देशों ने अपने आप पर विचार, पुर्नविचार किया है, कर रहे है। वही भारत में इस सप्ताह वक्फ बोर्ड बिल, कांग्रेस अधिवेशन में पिछड़ों के आरक्षण, सीपीआईएम के अधिवेशन में 'धर्म' की चिंता और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक मुख्यमंत्री स्टालिन को नसीहत थी कि तमिल में दस्तखत तो कर दिखाएं!

व्यवस्थापिका और न्यायपालिका आमने सामने

अजय दीक्षित

तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि द्वारा तमिलनाडु सरकार द्वारा पेश और विधानसभा द्वारा पारित 10 बिलों को स्वीकृत करने में देरी को लेकर हफ्ते भर पहले सरकार की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के दौरान सवीच्च न्यायालय ने राज्यपाल को कड़ी फटकार लगाई और सभी लंबित बिलों को खुद ही स्वीकृत कर दिया।

इस याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्यपालों को लपेटे में लेकर कहा उन्हें किसी पार्टी विशेष के लिए कार्य नहीं करना चाहिए।दूसरा उदाहरण वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी याचिका में सुनवाई कर दो अंतरिम आदेश दिए।इन दोनों घटनाओं से लुटियन्स में बबाल आ गया है।इसे व्यवस्थापिका और न्यायपालिका में भीषण टकराव के रूप में देखा जा रहा है।

सबसे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने कहा कि सवीच्च न्यायालय संसद से पारित ओर राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद कानून में बदलाव नहीं कर सकती न ही रोक सकती ।अब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सवीच्च न्यायालय को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि संविधान की अनुच्छेद 368 संसद को कोई भी कानून बनाने का अधिकार देती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद सवीपरि है। दूसरी ओर सवीच्च न्यायालय की जू भी नहीं रेंग रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने तो जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से बरामद अद जले नोटो के मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराने वाला मामला भी उठाया।

सीजेआई संजीव खन्ना 13 मई 26 को रिटायर हो रहे हैं और वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक की सुनवाई 05 मई को है ।

ऐसे में अगर कोई आदेश वक्फ संशोधन विधेयक याचिका में पारित हुआ तो केंद्रीय सरकार की किरकिरी होना तय है।

केशवानंद भारती विरुद्ध केरल सरकार 1973 में सवीच्च न्यायालय की 13 जजों वाली संविधान पीठ ने 7–6 के बहुमत से आदेश जारी किया था कि संसद कानून बना सकती है, संशोधन कर सकती है लेकिन मौलिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन नहीं होना चाहिए।भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था में व्यवस्थापिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका तीन अंग हैं

व्यवस्थापिका के मुखिया राष्ट्रपति है ,जबकि न्यायपालिका के सवीच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और प्रधानमंत्री कार्यपालिका के प्रमुख हैं।तीनों संस्थानों के अलग अलग कार्य हैं जिनमें कार्यपालिका व्यवस्थापिका के प्रति ज़बाब देय है। न्यायपालिका स्वतंत्र है। आजादी के बाद 26/01/1950 को संविधान बना और भारत गणराज्य बना। लेकिन जब तब व्यवस्था और ज्यूडिशियल की अप्रत्यक्ष लड़ाई विभिन्न मुद्दों पर देखने को मिलती है।

कार्यपालिका, व्यवस्थापिका एक राष्ट्रीय लॉ कमीशन बना ना चाहती है और बना भी देते हैं मगर अंत में ज्यूडिशियल इस लॉ कमीशन को स्वत ही संज्ञान में ले कर रद्द कर देती है। और दलील यह दी जाती है कि इससे संविधान की मूल ढांचे को क्षति होगी । न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं रह पाएगी। इसलिए कॉलेजियम ही न्यायपालिका में नियुक्ति के लिए सही तरीका है।हालांकि जजों की नियुक्त से पूर्व राज्य सरकार, केंदीय सरकार से परामर्श लिया जाता है। सॉलिसिटर जनरल,राज्यों में अटॉर्नी जनरल की राय ली जाती है जो केंद्र सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि होते हैं।

विशेषज्ञों से मांगी जा रही राय, कैसे संभव होगा एक साथ चुनाव

अमन भारती

देश में लोकसभा और सारी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने को लेकर 129वें संविधान संशोधन विधेयक की जांच–पड़ताल करने के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति इस समय देश के विधि विशेषज्ञों से चर्चा कर उनकी राय जान रही है। सुप्रीम कोर्ट के अवकाश प्राप्त चीफ जस्टिस यू यू ललित ने समिति के सम्मुख मत व्यक्त किया कि 30 से 40 प्रतिशत कालावधि बाकी रहते यदि विधानसभा को विसर्जित कर एक साथ चुनाव कराने की बात हुई तो इससे संविधान के आधारभूत ढांचे को आघात पहुंचेगा तथा ऐसे कदम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है।

एक अन्य पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई ने कहा कि इस संविधान संशोधन बिल में कुछ कमियां हैं. चुनाव आयोग को विधानसभा की कालावधि कम या ज्यादा करने का अधिकार देना अनुचित होगा। दूसरी ओर केंद्रीय कानून मंत्रालय ने संयुक्त संसदीय समिति को बताया कि एक साथ चुनाव कराना लोकतंत्र विरोधी नहीं है और इससे संघ राज्य रचना को नुकसान नहीं पहुंचेगा। सरकार की दलील है कि बार–बार चुनाव कराने पर भारी खर्च होता है। आचार संहिता लागू होने से महत्वपूर्ण प्रशासकीय व विकास के काम ठप हो जाते हैं। सरकार ने अभी यह नहीं बताया है कि एक साथ चुनाव कराने से खर्च में कितनी बचत होगी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की उच्चाधिकार समिति ने कहा है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के बाद 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकायों के चुनाव करा लिए जाने चाहिए. मुद्दा यह है कि एक साथ चुनाव कराना कब संभव होगा? लोकसभा चुनाव के बाद नई लोकसभा की पहली बैठक के दिन राष्ट्रपति अधिसूचना जारी करते हैं कि इस सदन का कार्यकाल 5 वर्ष रहेगा. 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद ऐसी अधिसूचना जारी होने पर सदन का कार्यकाल 2034 तक रहेगा इसलिए कम से कम 10 वर्षों तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने की कोई संभावना नहीं है। कभी मध्यावधि चुनाव की नौबत भी आती है. केंद्र और राज्यों में ऐसा होता रहा है। 2034 तक देश की कम से कम 26 विधानसभाओं में यदि सत्ताधारी दल को प्रचंड बहुमत मिला तो भी ये विधानसभाएं अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगी. इसलिए संविधान संशोधन के बाद विधानसभा चुनावों की संख्या बढ़ जाएगी. इसलिए चुनाव का खर्च भी बढ़ेगा। आचार संहिता की समयावधि भी बढ़ेगी। 1967 के पहले तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुआ करते थे लेकिन बाद में त्रिशंकु विधानसभा व लोकसभा रहने से या अविश्वास प्रस्ताव मंजूर हो जाने से समय पूर्व चुनाव होने लगे और विधानसभाओं की समयावधि भी अलग–अलग वर्ष में पूरी होने लगी. इसलिए एक साथ चुनाव कराने का प्रश्न जटिल हो गया. ऐसा हो सकता है कि विधानसभा का चुनाव 5 वर्ष के लिए न कराते हुए सिर्फ शेष कार्यकाल के लिए कराया जाए और इस तरह एक साथ चुनाव की दिशा में आगे बढ़ा जाए।

न्याय का इंतजार बढ़ाने वाली है सैम्पल जांच में देरी

–शरद शर्मा

यौन अपराध के बढ़ते मामले सभ्य समाज के लिए सदैव चिंता का विषय रहे हैं। इससे भी बड़ी चिंता यह कि बलात्कार और पॉक्सो के संदिग्ध मामलों में सिस्टम की खामी के चलते पीड़ित पक्ष को लंबे समय तक न्याय नहीं मिल पाता है। सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है कि न्याय में यह देरी पीड़ित पक्ष को कितना मानसिक आघात पहुंचाने वाली होगी? यह तो तब है जब सरकार ने बलात्कार और पॉक्सो के मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए अलग से कोर्ट की व्यवस्था की है। इस तरह की अदालतें कायम करने का मकसद भी यही था कि अपराधियों को जल्द सजा मिल सके।

चिंता की बात यह है कि बच्चों व महिलाओं से जुड़े अपराधों को लेकर सजगता कई मामलों में बिल्कुल ही नजर नहीं आ रही। बलात्कार और पॉक्सो के कई मामलों में न्याय मिलने में देरी का मुख्य कारण डीएनए जांच में हो रहा विलम्ब है। कहने को तो राजस्थान में पीड़ितों के सैंपल्स के लिए विधि विज्ञान विभाग की सात प्रयोगशालाओं में जांच की व्यवस्था है, लेकिन इनमें से तीन में ही डीएनए सैम्पल की जांच हो रही है जबकि सर्वविदित तथ्य है कि कई बार अपराधी डीएनए सैम्पल की वजह से ही जेल पहुंच पाते हैं। पिछले पांच साल में केवल चार हजार सैंपल्स की ही जांच की जा सकी है, जबकि करीब 15 हजार सैंपल्स की जांच होना बाकी है। न्यायिक प्रक्रिया में इस तरह के सैम्पल की जांच रिपोर्ट के बिना केस की सुनवाई आगे नहीं बढ़ सकती।

हैरत की बात यह है कि व्यवस्थाओं में सुधार के नाम पर पिछले पांच साल में 40 करोड़ रुपए खर्च होने के बावजूद न तो सैम्पल जांच के लिए पर्याप्त स्टाफ लग पाया है और न ही जांच की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सकती है। हालत यह है कि हर माह प्रदेश में बलात्कार और पॉक्सो के करीब 700 मामले दर्ज हो रहे हैं, लेकिन जहां सैम्पल की जांच होनी होती है वहां परेशानियां कम नहीं। जब तक डीएनए जांच की प्रक्रिया को रफ्तार नहीं दी जाती तब तक ऐसे मामलों के त्वरित निस्तारण की उम्मीद करना कठिन है। जरूरत इस बात की है कि राजस्थान में डीएनए जांच के लिए बंद पड़ी प्रयोगशालाओं को तो शुरू किया ही जाए, नई प्रयोगशालाएं भी कायम की जानी चाहिए। जांच में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर समूची प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाए जाने की भी जरूरत है।

सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी में धमाल मचाएगी मोहनलाल की फिल्म एल 2

सुपरस्टार मोहनलाल की मलयालम फिल्म एल 2: एम्पुरान सिनेमाघरों में रिलीज के एक महीने बाद ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। मोहनलाल ने खुद इसकी घोषणा करते हुए ट्वीट किया है। 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हई इस फिल्म ने 22 दिनों में वर्ल्डवाइड 265.74 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है। यह मॉलीवुड की अब तक की सबसे अधकि कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। पृथ्वीराज सुकुमारन के डायरेक्शन में बनी एल2: एम्पुरान पर बीते दिनों खूब विवाद भी हुआ है। फिल्म में 2002 के गुजरात दंगों के सीन्स के कारण इसे राजनीतिक आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। मेकर्स ने विवाद बढ़ता देख खुद ही फिल्म से कुल 3 मिनट के सीन्स हटा दिए। हालांकि, बावजूद इसके विरोध के सुर शांत नहीं हुए। एल 2: एम्पुरान असल में साल 2019 में रिलीज मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की ही सुपरहिट फिल्म लूसिफर का सीक्वल है।

पूर्व क्रिकेटर का चौंकाने वाला दावा, कहा– आईपीएल में ज्यादातर टीमें फिक्सर के पास

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर तनवीर अहमद ने आईपीएल 2025 सीजन के बीच बीसीसीआई को लेकर एक चौंकान वाला दावा किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आईपीएल की ज्यादातर टीमें फिक्सरों के साथ हैं। तनवीर ने दावा किया कि बीसीसीआई कहता है कि आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग है लेकिन, सबसे बड़ी फिक्सिंग भी इसी लीग में होती है। तनवीर का यह दावा हाल ही में हुए विवाद के बाद आया है, जिसमें राजस्थान रॉयल्स पर 2025 के मौजूदा सीजन के दौरान मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया गया था। पूर्व पाक क्रिकेटर ने अपने एक्स हैंडल पर आईपीएल फिक्सिंग का दावा किया। तनवीर ने लिखा कि बीसीसीआई बोलता है कि हमारी आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग है, लेकिन वो तो है लेकिन फिक्सिंग भी सबसे बड़ी होती है, ज्यादातर टीमें फिक्सर के पास हैं।

समिति के संयोजक ने लगाए आरोप

बता दें कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की तदर्थ

समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने मौजूदा सीनज में लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ मामूली अंतर से मिली हार के बाद मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया। बता दें कि राजस्थान रॉयल्स को आखिरी ओवर में 9 रन की दरकार थी लेकिन, टीम अंत में 2 रन से हार गई।

आरआर ने बीसीसीआई को लिखा पत्र

इस आरोप के बाद बीसीसीआई के अधिकारी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था और कहा कि आरसीए भंग हो चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपों के बाद आरआर ने बीसीसीआई को एक पत्र भी लिखा जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि आरोप केवल विवाद को जन्म देने के लिए लगाए गए थे।

साल 2015 में लगा था बैन

गौरतलब हो कि साल 2015 में मैच फिक्सिंग के चलते फ्रेंचाइजी को दो साल के लिए बैन कर दिया था। टीम पर यह एक्शन साल 2013 में फ्रेंचाइजी के अधिकारियों के फिक्सिंग में शामिल होने पर लिया था। इसके बाद 2016–2017 के सीजन में राजस्थान रॉयल्स ने टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था।

आज के युवा पीढ़ी पारंपरिक भारतीय परिधानों को कम महत्व देती है: अविका गोर

अभिनेत्री अविका गौर का मानना है कि साड़ी या सलवार कमीज जैसे भारतीय परिधानों को पहनना, विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच, बहुत कम महत्व दिया जाता है। अविका ने कहा, मुझे लगता है कि साड़ी या सलवार कमीज जैसे पारंपरिक भारतीय परिधानों को पहनना बहुत कम आंका जाता है, खासकर युवा पीढ़ी के बीच। मुंबई या हैदराबाद जैसे शहरों में, मैं शायद ही युवाओं को हमारी संस्कृति के इस हिस्से को अपनाते हुए देखती हूं। साड़ियाँ बहुत खूबसूरत होती हैं, और यह देखना अच्छा लगेगा कि ज़्यादा से ज़्यादा लोग उन्हें कैजुअली पहने हुए हैं – यहाँ तक कि एयरपोर्ट पर भी।

थोड़ा सा काजल और बिंदी लगाएँ, और आपका लुक शानदार हो जाएगा। मुझे उम्मीद है कि ज़्यादा से ज़्यादा युवा लोग इसमें खूबसूरती देखना शुरू करेंगे. बालिका वधू में आनंदी की भूमिका निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री, जिसके लिए उन्हें 2009 में राजीव गांधी पुरस्कार मिला था,

अलाया एफ का बोल्ड वीडियो इंटरनेट पर मचा रहा तहलका, फैंस बोले – हॉटनेस ओवरलोड

अलाया एफ का बोल्ड अवतार एक बार फिर इंटरनेट पर छा गया है. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो बिकिनी टॉप और बैगी डेनिम्स में नजर आ रही हैं. कैमरे के सामने उनका कॉन्फिडेंस, एटीट्यूड और बोल्डनेस देख फैंस के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं. इस वीडियो को पोस्ट करते हुए अलाया ने लिखा, यह वीडियो मेरे ड्राफ्ट में धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कर रहा है. लेकिन जैसे ही ये वीडियो लाइव हुआ, फैंस ने कमेंट्स और लाइक्स की बौछार कर दी. किसी ने उन्हें दिल चुराने वाला कहा, तो कोई उनकी हॉटनेस का दीवाना हो गया. वीडियो में अलाया एफ का स्टाइल और एक्सप्रेशंस बेहद कातिलाना हैं. उन्होंने इस लुक में अपनी फिटनेस और फैशन सेंस को जबरदस्त अंदाज में फ्लॉन्ट किया है. मनीषी छिल्लर समेत कई सेलेब्स ने इस पोस्ट को लाइक किया है. वर्कफ्रंट की बात करें तो अलाया एफ अपनी परफॉर्मेंस और फैशन चॉइस के चलते लगातार सुर्खियों में बनी रहती हैं. यह

अरे हाय–हाय ये किस्मत! बिना आउट हुए ईशान किशन लौटे पवेलियन

नई दिल्ली। आईपीएल में ईशान किशन का खराब प्रदर्शन लगातार जारी है। पहले मैच में शतक जड़ने वाले ईशान किशन का बल्ला खमोश हो गया है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ ईशान किशन एक बार फिर फेल हुए। वह मात्र एक रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, किशन का आउट होना एक चर्चा का विषय बन गया। हाल ही में ईशान किशन को इउउक के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया है। दरअसल, मुंबई इंडियंस के खिलाफ ईशान किशन विवादित रूप से आउट करार दिए गए। गेंदबाज के बिना अपील करने के बावजूद ईशान किशन डग आउट की तरफ चल दिए थे। ईशान किशन की यह ईमानदारी सनराइजर्स हैदराबाद को भारी पड़ गई। क्योंकि रिप्ले

में दिखा कि गेंद और बल्ले का कोई संपर्क नहीं हुआ था।

तीसरे ओवर में घटी घटना

बता दें कि सनराइजर्स हैदराबाद की पारी के तीसरे ओवर की पहली गेंद पर यह घटना हुई। दीपक चाहर ने लेग स्टंप पर बैक ऑफ गुड लेंथ की गेंद की। ईशान किशन ने कट करने का प्रयास किया। गेंद बाहर जाती हुई कीपर के ग्लव्स में चली गई। इसके बाद ईशान किशन पवेलियन की तरफ लौटने लगे। ईशान किशन को पवेलियन की तरफ लौटता देख दीपक चाहर ने अपील की और अंपायर ने उंगली उठा दी। मजेदार बात यह रही कि अंपायर ने बिना अपील के ही अंगुली उठा दी थी। ईशान किशन ने कोई रिव्यू नहीं लिया। बाद में रिप्ले में देखा गया कि गेंद और बल्ले का कोई सम्पर्क नहीं हुई था। अल्ट्राएज पर कोई स्पाइक नहीं दिखा।

ईशान का आउट होना बना चर्चा का विषय

हालांकि, ईशान किशन पूरे आत्मविश्वास के साथ पवेलियन लौटे जैसे उन्हें लगा कि गेंद बल्ले पर लग कर गई थी। इस पर मुंबई के खिलाड़ियों ने ईशान किशन की खेल भावना का भी समर्थन किया लेकिन, ईशान का आउट होना चर्चा का विषय बन गया है।

एक नजर

गढ़वाल विवि के छात्र निखिल यूपीएससी के लिए चयनित

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा विवि के छात्र निखिल यादव का चयन संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2024 में हुआ है। निखिल वर्तमान में गढ़वाल विवि से बीएड पाठ्यक्रम के छात्र हैं। उन्होंने ग्रेजुएशन आईएमई कॉलेज तथा एमए पॉलिटिकल साइंस ग्लोकल यूनिवर्सिटी से उत्तीर्ण की है। निखिल वर्तमान में डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र में गढ़वाल विवि के छात्रों को मध्यकालीन भारत का इतिहास विषय भी पढ़ा रहे हैं।

इसके अलावा छात्रों को यूपीएससी तथा राज्य लोक सेवा आयोग के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान कर रहे हैं। निखिल की सफलता पर डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र के अभ्यर्थी ने खुशी जाहिर की है। निखिल की सफलता पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण, कुलसचिव प्रो. आरके ढोडी, वित्त अधिकारी डॉ. संजय ध्यानी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाईं, डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र के समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल, अंबेडकर उत्कृष्ट केंद्र की वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रो. सीमा धवन, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. किरण बाला, डॉ. आशीष बहुगुणा, डॉ. प्रकाश सिंह, डॉ. श्वेता वर्मा, डा. वरुण बर्तवाल सहित आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की। (एजेंसी)

मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को संघ कार्यालय में सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचार प्रमुख तपन ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। संघ के प्रचार प्रमुख तपन ने कहा कि छात्रों को परीक्षाओं में तैयारी को लेकर टिप्स दिए।

कहा कि आज का युवा शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। ऐसे युवाओं को प्रत्येक वर्ष सम्मानित किया जाता है, ताकि वे भविष्य में आगे बढ़ सकें। छात्रों को प्रोत्साहित करने से उन्हें मनोबल मिलता है, जिससे वे प्रत्येक क्षेत्र में मेहनत करके उपलब्धि हासिल करते हैं। इस मौके पर संघ के विभाग प्रचारक राहुल, जिला प्रचारक पौड़ी नरेश, सरस्वती विद्या मंदिर श्रीनगर के प्रधानाचार्य मुकेश मैठाणी, सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट के प्रधानाचार्य भीमराज बिष्ट, भगवती मेमोरियल पब्लिक स्कूल के शिक्षक उमेश शुक्ला, नगर प्रचारक मोहित, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा गणेश भट्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

भीड़ भाड़ और धार्मिक स्थलों पर पुलिस रख रही नजर

नई टिहरी : टिहरी जिले में बीती रात पुलिस ने ऑपरेशन क्लीनस्वीप चलाया। ऑपरेशन के दौरान यात्रा रूट और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर एसएसपी आयुष अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाते हुए संदिग्ध व्यक्ति व वस्तु की चेकिंग के निर्देश दिए। जिसके तहत जिले के विभिन्न थानों ने अपने अपने थाना क्षेत्र में रात्रि में चेकिंग अभियान चलाया।

कस्बा क्षेत्र कैंपटी, लंबगांव ,चंबा, घनसाली, नरेंद्र नगर, नई टिहरी, हिंडोला खाल, देवप्रयाग, छाम, कीर्तिनगर, मुनि की रेती में देर रात तक चेकिंग अभियान चलाया गया। नई टिहरी के भागीरथी पुरम व टिहरी बांध क्षेत्र में भी देर रात चेकिंग अभियान चलाया गया। एसएसपी ने बताया कि जम्मू कश्मीर में घटित आतंकी घटना के बाद टिहरी जिले के महत्वपूर्ण चौक, चौराहों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों, होटलों, धार्मिक स्थलों आदि पर पैनी नजर रखी जा रही है। (एजेंसी)

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले की निंदा, आतंकवाद का फूंका पुतला

कोटद्वार में आतंकवाद का पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले की भाजपा ने निंदा की है। इस दौरान सदस्यों ने आतंकवाद का पुतला भी दहन किया। साथ ही व्यापार मंडल की ओर से शोक के रूप में गुरुवार को आधा दिन बाजार बंद करने का भी ऐलान किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने मालवीय उद्यान से आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली। इसके उपरांत झंडाचौक में पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि यह आतंकी हमला पाकिस्तान की सोची-समझी साजिश है। देश में आतंकवाद को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कहा कि भारत सरकार जम्मू-कश्मीर से आंतकवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार जल्द ही कोई सख्त कदम भी उठाएगी। कहा कि निर्देश लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादी मौत के घाट उतार दिए जाएंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, सौरभ नौडियाल, पंकज भाटिया, विवेक अग्रवाल, मोहन सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पर्यटकों की हत्या कायराना हरकत, कांग्रेस ने फूंका आतंकवाद का पुतला

आतंकवाद का पुतला दहन करते कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले की कांग्रेस ने निंदा की है। कहा कि सरकार को जल्द से जल्द आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाना चहिए।

बुधवार को जिला कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने तहसील तिराहे में आतंकवाद का पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। आतंकवादियों ने पर्यटकों की हत्या कर कायराना हरकत की है। कहा कि इस प्रकार की आंतकी हमले को देश बर्दाश्त नहीं करेगा, जिसकी कीमत आंतकवादियों को चुकानी पड़ेगी। इस मौके पर रमेश चंद्र खंतवाल, नरेंद्र सिंह नेगी, प्रवेश रावत, रंजना रावत, मनोज बिष्ट, गब्बर सिंह, मनजीत सिंह मौजूद रहे।

शिक्षा विभाग विद्यालयों से मांग रहा विषयवार सूची

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड की बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन न करने वाले विद्यालय के शिक्षकों की चिंता बढ़ सकती है। शिक्षा विभाग दुगड्डा व जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों से विषयवार सूची मांगने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में जिन विद्यालयों का बोर्ड परीक्षा में खराब प्रदर्शन होगा उन्हें स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी किया जाएगा।

शनिवार को इंटर व हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम जारी किया गया था। जिसमें कई विद्यालयों ने बेहतर प्रदर्शन किया। लेकिन, कुछ ऐसे विद्यालय भी हैं जहां विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम खराब रहा। ऐसे में शिक्षा विभाग इन विद्यालयों को चिह्नित कर उनसे विषयवार सूची मंगवाने की तैयारी में जुट गया है।

शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई से विद्यालयों के शिक्षकों की चिंता भी बढ़ सकती है। खंड शिक्षाधिकारी अमित चंद ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में आधिकांश विद्यालयों का बेहतर प्रदर्शन रहा।

ऐसे में जिन विद्यालयों में विद्यार्थियों का खराब प्रदर्शन रहा उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। एक दो दिन के भीतर लिस्ट तैयार कर विद्यालयों को नोटिस भी भेज दिया जाएगा। बताया कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी निर्देश दिए गए हैं।

दुगड्डा-गुमखाल के मध्य धधक रहे जंगल, वाहन संचालन भी चुनौती

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भीषण गर्मी से मैदान के साथ ही पहाड़ भी परेशान होने लगा है। हालत यह है कि दुगड्डा-गुमखाल के मध्य पिछले दो दिन से लगातार जंगल धधक रहे हैं। धुएं व आग की लपटों के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का संचालन करना भी मुश्किल हो गया है।

पहाड़ में गर्मी की तपन के साथ पहाड़ भी धधक रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण लैंसडौन वन प्रभाग के जंगल जलने लगे हैं।

दुगड्डा-गुमखाल के मध्य भदालीखाल व देवीखाल के जंगलों में जगह-जगह आग लगी हुई है। आग की लपटे राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंच गई है। हवा के साथ विकराल हो रही आग बड़े भू-भाग को अपनी चपेट में ले रही है। दो दिन से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन करना तक मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। धुएं के कारण आसपास के ग्रामीणों का भी सांस लेना दूभर हो रहा है। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े चीड़ के अधजले पड़े राहगिरों के लिए खतरा बन रहे हैं। दरअसल, आग लगने से इन पेड़ों का निचला हिस्सा पूरी तरह खोखला हो चुका है। ऐसे में यह पेड़ कब धराशायी होकर किसकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि, राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन आवागमन करते हैं।

दुगड्डा-गुमखाल के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगी आग

अव्यवस्थाओं के कारण रेफर सेंटर बना बेस अस्पताल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : एकजुट संगठन ने राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि राजकीय बेस चिकित्सालय केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में लोगों की जानें जा रह हैं। जनवरी-2023 से अब तक 538 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि, 2960 मरीजों को रेफर किया गया।

बुधवार को हिंदू पंचायती धर्मशाला में संगठन के संयोजक राम कंडवाल ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होनें कहा कि कोटद्वार बेस अस्पताल पर पहाड़ के साथ ही मैदान की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं टिकी हैं। लेकिन, अस्पताल में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। अस्पताल में फिजीशियन तक नहीं है। हड्डी रोग चिकित्सक भी संविदा पर सेवाएं दे रहे हैं। बेहोशी का चिकित्सक भी दूसरे चिकित्सालय से संबद्ध है। चिकित्सालय में चर्मरोग, मनोरोग विशेषज्ञ नहीं है। कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण समुचित इलाज न मिलने से लगातार मरीजों की मौत हो रही है। सूचना अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के अनुसार बेस चिकित्सालय में जनवरी 2023 से अब तक 538 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि अभी तक 2960 मरीजों को बाहर रेफर कर दिया गया है। कहा कि यदि जल्द से जल्द व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो जनता आंदोलन को मजबूर होगी। इस मौके पर रमेश भंडारी, शिवानंद लखेड़ा, आरपी पंत, गीता पांडे, महिमा डोबरियाल मौजूद रहे।

कोटद्वार के हिंदू पंचायती धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते सभी एकजुट संगठन के सदस्य

मृतकों को दी श्रद्धांजलि, कार्रवाई की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व अन्य कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि दी है। कहा कि सरकार को आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाना होगा।

बुधवार को तहसील परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरे देश में गुस्सा है।

आंतकवादियों ने बेकसूर पर्यटकों की हत्या कर मानवता को शर्मसार किया है। कहा कि केंद्र सरकार को आतंकवादियों की खोजबीन कर उन्हें मृत्युदंड देना चाहिए। कहा कि पाकिस्तान आंतकवादियों को पनाह दे रहा है। पाकिस्तान नहीं चाहता है कि जम्मू-कश्मीर में शांति बहाल हो। इस मौके पर प्रवीन रावत, विजय रावत, विजय नारायण सिंह, धीरेंद्र सिंह बिष्ट सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व अन्य

वाहनों की आवाजाही रहेगी प्रतिबंधित

रुद्रप्रयाग : आगामी दो मई से शुरू हो रही केदारनाथ धाम की यात्रा को देखते हुए बुधवार रात 9 बजे से गुरुवार सुबह 5 बजे तक केदारनाथ हाईवे सीतापुर से गौरीकुंड तक आवाजाही बंद रहेगा। एनएच लोनिवि के अधिशासी अभियंता ओंकार पांडेय ने उपजिलाधिकारी ऊखीमठ को मार्ग की स्थिति बताते हुए इस पर कार्य करने के लिए कुछ समय आवाजाही बंद रखने का अनुरोध किया जिसके बाद उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला ने उन्हें स्वीकृति दे दी। एसडीएम ने बताया कि आज बुधवार 23 अप्रैल को रात 9 बजे से गुरुवार सुबह 5 बजे तक सीतापुर से गौरीकुंड के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर सभी तरह के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। (एजेंसी)

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र को मिले

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नैनीडांडा मंडल भारतीय जनता पार्टी की बैठक ब्लॉक सभागार नैनीडांडा में आयोजित की गई। नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष सुरेश चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई। इस बात पर जोर दिया गया कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिल सके। कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष को बधाई व शुभकामना दी। बैठक में जन समस्याओं का संज्ञान लेने व उनके समाधान पर जोर दिया गया। साथ ही क्षेत्र की विकास योजनाओं की देखरेख करने की भी बात कही गई। बैठक में जिला मंत्री विजयानंद पोखरियाल, ललित पटवाल, रेखा देवी, सुरेंद्र प्रताप, एमडी रावत, तेजपालसिंह, मनीष पटवाल, प्रभा उनियाल, मुन्नी ध्यानी, नीलम मैंदोलिया, सुरेंद्र नाथ, कृष्ण कुमार, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद, प्रेमसिंह, धीरेंद्र सिंह, प्रमोद शंकर, संतोष कुमार, मनवर सिंह, शिशुपालसिंह, मेहरवान सिंह, मनमोहन, विनोद शर्मा, किशोरी लाल, आनंद स्वरूप आदि मौजूद रहे।

सूचना

मेरे हाई स्कूल वर्ष 1978 अनुक्रमांक 112391 के प्रमाण पत्र में मेरा नाम विजयपाल सिंह पुत्र भगत सिंह दर्ज है, जबकि सही नाम विजयपाल सिंह रावत पुत्र भक्त दर्शन सिंह रावत है। इसलिए मुझे उक्त दोनों नाम से जाना वह पहचान जाए।

निवासी- लालपुर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड।

(0936/21)

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शिवदेन बलूनी निवासी कोटद्वार गढ़वाल तथा मेरी बहू श्रीमती रिंकी बलूनी पत्नी शिवदेन बलूनी निवासी हाल जानकीनगर, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड वाली मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं रहते है तथा आये दिन तंग व परेशान करते रहते है तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करते है। साथ ही मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न कर रहे है। मैं अपने पुत्र शिवदेन बलूनी तथा उसकी पत्नी श्रीमती रिंकी बलूनी को उनके गलत कृत्य के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से व घर से बेदखल कर रहा हूं। शिवदेन बलूनी तथा उसकी पत्नी श्रीमती रिंकी बलूनी द्वारा किसी भी प्रकार के लेन-देन व गलत कृत्यों के लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होगें, उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी व जबावदेही नहीं होगी।

महेशानन्द बलूनी पुत्र स्व. कलीराम बलूनी निवसी वार्ड नंबर 06 काशीरामपुर मल्ला, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(0937/21)

31 मई तक हर हाल में सड़कों को गड्ढा मुक्त करें : आयुक्त

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडे ने विकास भवन में अफसरों की बैठक में चार धाम यात्रा को सफल व सुखद बनाने के लिए 25 अप्रैल तक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने चारधाम यात्रा, वनाग्नि, पेयजल, सड़क सुधारीकरण, सीएम हेल्प लाइन सहित अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में आयुक्त गढ़वाल ने कहा कि चारधाम यात्रा को देखते हुए यात्रा मार्ग के सभी वाटर प्वांइट को चालू रखने, सार्वजनिक शौचालयों को साथ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। कहा कि 31 मई तक तक हर हाल में सड़कों को गढ्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी गढ़वाल को जिले के ग्रामीण मोटर मार्गों की स्थिति को लेकर एक सर्वे कराकर रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कहा कि वनाग्नि को रोकने के लिए विभागीय समंवय व जन-सहभागिता जरूरी है। उन्होंने वनाग्नि की रोकथाम को लेकर जिला स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को भी सराहा। गर्मियों में पेयजल समस्या से निपटने को लेकर आयुक्त ने जल संस्थान व जल निगम के अफसरों को पम्पिंग की समयावधि को बढ़ाने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर टैंकर के माध्यम पेयजल की आपूर्ति करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम डा. आशीष चौहान, एसएसपी लोकेश्वर सिंह, सीडीओ गिरीश गुणवंत, एसडीएम दीपक रामचंद्र शेट आदि मौजूद रहे।

डामरीकरण समय से पूरा करें

आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडे ने स्टेट हाईवे 31 पर पौड़ी-देवप्रयाग के बीच किलोमीटर 17 पर सड़क खुदवार डामरीकरण व द्वारीधार गोशाला के पास पैच वर्क की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने लोनिवि के अफसरों को डामरीकरण का कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर करने को कहा।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	26-DRM-MB-25-26 Date 22.04.2025	27-DRM-MB-25-26 Date 22.04.2025	28-DRM-MB-25-26 Date 22.04.2025
कार्य का नाम	Provision of RCC wall, new shed, new wharf, road works and other misc. works in track depot/CBJ Under DEN/Track/MB	Strengthening of Guide Bund of Br. No. 974 DN & Br. 975 DN & Strengthening of approach of various bridge in BE-RAC section of MB division	Heavy repair and improvement to ORH at RMU & BE under ADEN/BE
टेंडर क्लोसिंग दिनांक/समय	16.05.2025 16:00 hrs.	16.05.2025 16:00 hrs.	16.05.2025 16:00 hrs.
अनुमानित लागत (रु.)	1,16,95,603.59	4,26,97,667.76	79,91,587.42
धरोहर राशि (रु.)	2,08,500.00	3,63,500.00	1,59,800.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	02.05.2025	02.05.2025	02.05.2025
आफर की वैधता	60 Days	60 Days	60 Days
कार्य पूर्ण करने की अवधि	08 Months	12 Months	08 Months

नं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 22.04.2025 1197/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

।। कार्यालय नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल ।।

पत्रांक 27/ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन/2025-26 **दिनांक - 22 अप्रैल 2025**

निविदा सूचना

नगर पंचायत सतपुली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अन्तर्गत नियमानुसार घर-घर से कूड़ा एकत्रीकरण कूड़े का पृथक्करण, निस्तारण एवं कूड़ा वाहनों का संचालन कार्य तथा नगर क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छता हेतु नियमानुसार बाह्य स्त्रोत से पर्यावरण मित्र एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक पद की आपूर्ति कराये जाने हेतु पृथक-पृथक द्वि-निविदा प्रणाली के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ रू0 2.50 लाख (पृथक-पृथक) की धरोहर धनराशि सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सतपुली के नाम बंधक हो को संलग्न करना अनिवार्य है। उक्त कार्य करने की समयावधि माह मई 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए बाह्य स्त्रोत से आउटसोर्सिंग हेतु इच्छुक अनुभवी एवं प्रतिष्ठित फर्मों जो उक्त सेवायें प्रदान करते हो से मोहरबंद निविदाये नगर पंचायत सतपुली कार्यालय में दिनांक 02 मई 2025 को अपराहन 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती जो कि उसी कार्यदिवस को सांय 4:00 बजे चयन समिति के द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र नगर पंचायत सतपुली से दि0 29 अप्रैल 2025 से 01 मई 2025 बजे तक निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1000+18% जी0एस0टी0 भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0 में)
01	ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत नियमानुसार डोर-टू-डोर कूडा एकत्रीकरण, पृथक्करण, निस्तारण एवं कूड़ा वाहनों का संचालन- 1- घर-घर एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों से जैविक-अजैविक कूड़ा पृथक-पृथक एकत्रीकरण, पृथक्करण, निस्तारण एवं कूड़ा वाहनों का संचालन करने हेतु। 2- यूजर चार्ज एकत्रीकरण का कार्य।	रू0 2.50 लाख	1000+18% जी0एस0टी0
02	आउटसोर्स कर्मचारियों की आपूर्ति 1- नगर क्षेत्रान्तर्गत सफाई व्यवस्था हेतु 09 पर्यावरण मित्र 01 पर्यावरण पर्यवेक्षक	रू0 2.50 लाख	1000+18% जी0एस0टी0

निविदा दाताओं को अलग-अलग निविदा प्रस्तुत करने के लिए अपने फर्म के लैटर हेड पर फर्म की मोहर लगाकर आयकर एवं जी0एस0टी0 रिर्टन 2021-22, 2022-23, 2023-24 की छाया प्रति, ई0पी0एफ0, श्रम पंजीकरण, ई0एस0आई0 पंजीकरण, विगत वित्तीय वत्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में न्यूनतम रू0 5.00 करोड़ (तीनों वित्तीय वर्ष मिलाकर) के टर्नओवर की सी0ए0 द्वारा सत्यापित प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। उक्त कार्य का विस्तृत विवरण एवं निविदा की विस्तृत शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दी जायेगी। निविदा को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

अधिशासी अधिकारी **अध्यक्ष**
नगर पंचायत सतपुली **नगर पंचायत सतपुली**

संक्षिप्त समाचार

संचार सुविधाओं को दुरूस्त रखने के सीएस ने दिए निर्देश

देहरादून । मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में बीएसएनएल, एयरटेल एवं जियो नेटवर्क के राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रदेश में 4जी व 5जी नेटवर्क की उपलब्धता के लिए सर्विस प्रोवाईडरों को आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया।

मुख्य सचिव ने समस्याओं के निस्तारण के लिए राज्य स्तरीय एवं जनपद स्तरीय समितियों के गठन की बात कही। उन्होंने सर्विस प्रोवाईडरों की समस्याओं के निराकरण के लिए निदेश-ाक आईटीडीए को नोडल अधिकारी बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नोडल अधिकारी स्तर पर माह में दो बार एवं सचिव आईटी स्तर पर माह में एक बार समीक्षा की जाए ताकि 100 प्रतिशत 4जी सैचुरेशन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने यूपीसीएल से भी नोडल अधिकारी नामित किए जाने की बात कही ताकि सर्विस प्रोवाईडरों को कार्यों में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए सक्षम स्तर के अधिकारी से सम्पर्क किया जा सके। मुख्य सचिव ने बीएसएनएल को प्रदेश में 4जी नेटवर्क सैचुरेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नेटवर्क प्रोवाईडरों को चारों धामों में नेटवर्क एरिया बढ़ाए जाने की बात कही। कहा कि राज्य में नेटवर्क गुणवत्ता बेहतर बनाए जाने हेतु हर सम्भव सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। इस अवसर पर सचिव आईटी नीतेश कुमार झा, निदेशक आईटीडीए श्रीमती नीतिका खंडेलवाल सहित बीएसएनल, एयरटेल एवं जियो के अधिकारी उपस्थित थे।

आयोग ने प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी किया

हरिद्वार । उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से राज्य निर्वाचन आयोग में समीक्षा अधिकारी परीक्षा 2024 की प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। इस परीक्षा के लिए योग्य पाए गए अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग में समीक्षा अधिकारी परीक्षा 2024 की प्रारंभिक परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकृति का आयोजन चार मई–2025 दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा राज्य के दो जनपदों हरिद्वार नगर एवं हल्द्वानी नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस संबंध में आयोग की ओर से वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि: चौ. नीरपाल

हरिद्वार। राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तराखंड प्रभारी पूर्व मंत्री चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि हमारी एकता, कार्यकर्ताओं की मेहनत उत्तराखंड में राष्ट्रीय लोकदल को भाजपा, कांग्रेस के बाद तीसरी ताकत बनाएगी। मिशन 2027 रालोद का लक्ष्य है,2027 में राष्ट्रीय लोकदल की सरकार बनेगी। यह बातें उन्होंने सम्मेलन के दौरान कही। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र पंत की अध्यक्षता में भूपतवाला में होटल पर्ल पर राष्ट्रीय लोकदल का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया।

जिसमें राष्ट्रीय लोकदल उत्तराखंड के सभी पदाधिकारी ने हिस्सा लिया। प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र पंत ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ने पार्टी का जन जागरण अभियान शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय लोकदल उत्तराखंड की जनता के साथ खड़ा है।

लोहे का जाल लगाने पर व्यापारियों का हंगामा

हरिद्वार । रेल चौकी के सामने पूर्व पालिकाध्यक्ष कमल जौरा के शॉपिंग कांप्लेक्स के बेसमेंट में लोहे का जाल लगाने पर बुधवार को व्यापारियों ने हंगामा काटा। उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। विवाद की सूचना पर पुलिस ने मामला संभाला। एचआरडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर जाल हटा दिया है। कुछ व्यापारियों ने पूर्व में लगाए जाल को भी काट दिया। ज्वालापुर का अधिकांश बाजार बुधवार को बंद रहता है। सुबह से जाल लगाने का काम चल रहा था। दिन में 11 बजे व्यापारियों को अपनी दुकानों के बाहर जाल लगाने की भनक मिली। इसके बाद व्यापारी एकत्रित हो गए। व्यापारियों का आरोप है कि पूर्व पालिकाध्यक्ष कमल जौरा ने जबरन लोहे का जाल लगवाकर उनकी दुकानों का फ्रंट पूरी तरह से बंद कर दिया है। इससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। साथ ही ग्राहक भी दुकान तक नहीं पहुंच पा रहे।

विद्यार्थियों को मतदान के प्रति किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार की मतदाता जागरूकता समिति राजनीति विज्ञान विभाग/ तहसील कोटद्वार एवं पुस्तकालय के संयुक्त तत्वाधान में युवा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

मुख्य अतिथि कोटद्वार तहसील की तहसीलदार साक्षी उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व के बारे में समझाया। कहा कि गणतंत्र का निर्माण हमारे आपके मतदान से होता है। कहा कि देश के बेहतर विकास में हमें अपने मत का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु उपस्थित छात्र/छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डी.एस. नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदाताओं को सजग होना बहुत जरूरी है। कहा कि वोट हमारे पास ऐसी ताकत है जिससे हम अपने देश को बदल सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ.सन्त कुमार ने किया। इस मौके पर डॉक्टर अजीत सिंह, डॉ. ऐश्वर्या राणा, डॉ. बिशनलाल, डॉ. कविता बिष्ट, सौरव रावत आदि मौजूद रहे।

भाजपा ने जम्मू कश्मीर घटना पर जताया दु:ख

रुद्रप्रयाग : जम्मू कश्मीर के पहलगाम के पास हुई आतंकी घटना पर भाजपा ने गहरा दु:ख जताया है। भाजपाइयों ने जिला कार्यालय में दो मिनट का मौन रखते हुए मृतक लोगों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। बुधवार को मुख्यालय स्थित गुलाबराय में भाजपा कार्यालय में आयोजित शोक सभा में कहा कि 28 लोगों की नृशंस हत्या मानवता पर गहरा घाव है। उन्होंने कहा कि यह क्षति महज परिवारों की ही नहीं है बल्कि पूरे भारत की क्षति है। उन्होंने मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए घायलों की शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। इस मौके पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, राज्यमंत्री बलवीर घुनियाल, जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, दिनेश उनियाल, राजेंद्र लाल, विकास डिमरी, बृजमोहन नेगी, बुद्धिबल्लभ ममगाईं सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। (एजेंसी)

कृषि बागवानी के साथ स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : श्री बद्रीश कृषक समूह ग्राम बसोली की ओर से बसोली गांव में एक कृषि एवं स्वरोजगार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने कृषि बागवानी के साथ स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि विधायक लैंसडौन दिलीप रावत ने सुदूर क्षेत्र बसोली गांव में आयोजित कृषि एवं स्वरोजगार गोष्ठी के आयोजन के लिए गांव के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हरियाली लाने, कृषि बागवानी, स्वरोजगार के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। बसोली में इस तरह संचालित होने वाला कार्यक्रम क्षेत्र के अन्य गांवों के लिए प्रेरणा स्रोत होगा। उन्होंने गांव में खोले गए उद्योग की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार मिल सकेगा। गोष्ठी में एपी जुयाल ने गांव, क्षेत्र की समस्याओं की चर्चा कर उनके समाधान के विमर्श हेतु वक्ताओं का आह्वान किया। कहा कि जंगली जानवरों के आतंक से ग्रामीण खेती-बाड़ी छोड़ने के लिए मजबूर हैं। इसके समाधान के लिए ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास व सरकार द्वारा विशेष कार्य योजना की जरूरत है। कृषि बागवानी के साथ स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बसोली गांव में शुरूआत की जा रही है। चंदन के पेड़ों की नर्सरी तैयार की गई है। गांव के विस्तृत भू-भाग, बंजर पड़े खेतों में चंदन के पेड़ों का पौध रोपण करने की तैयारी की जा रही है।

इसके साथ ही खेती-बाड़ी, बागवानी के अन्य विकल्पों पर भी कोशिश की जा रही है। जंगली जानवरों से बचाव के लिए सुरक्षा घेरबाड़ हेतु सरकारी सहायता की जरूरत है। कहा कि गांव में ही इंटर लॉकिंग टाइल्स, चकर्ड टाइल्स व सीमेंट मसाले की ईंट निर्माण इकाई की स्थापना की गई है।

जिलाधिकारी ने ली स्वास्थ्य के अधिकारियों एवं आशा फेसिलेटर की बैठक

देहरादून । जिलाधिकारी सविन बंसल ने आज ऋषिपर्णा सभागार क्लक्ट्रेट में डेंगू एवं अन्य जल जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में स्वास्थ्य के अधिकारियों एवं आशा फेसिलेटर की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सक्रियता से काम करते हुए डेंगू पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। आशाओं को डीएम की बड़ी सौगात 1500 रू0 अतरिक्त धनराशि के साथ ही अच्छा कार्य करने वाली आशा, आशा फेसिलेटर को 1555 रू0 पुरस्कार धनराशि और दी जाएगी।

डीएम ने निर्देश दिए कि आशाओं के संक्रमित होने पर उनके प्राथमिकता से उपचार की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की रहेगी। वहीं ब्लड सेपरेटर मशीन के लिए दून चिकित्सालय को 1 करोड़ रू0 भी जल्द जारी किये जाएंगे। डीएम ने डोनर रजिस्ट्री–यथासंभव बढाने के निर्देश, साथ ही प्रशासनिक समिति निजी चिकित्सालयों में टेस्ट दरों व गाईडलाईन परिपालन की जांच भी करेगी। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि शिकायत मिलने पर रजिस्ट्रेशन निरस्त, क्लीनिक होगा सीलः लैब्स को चस्पा करनी होगी निर्धारित दरों की सूची। डीएम ने कहा कि समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग सरकारी व्यवस्था पर निर्भर है उन्होंने कहा कि हमारे जन अस्पतालों को हमें पूर्ण सक्षम बनाना है।

उन्होंने निर्देश दिए कि आशाओं का वार्डवार प्लान, विभागों की डेंगू नियंत्रण गतिविधि, नालों की सफाई, गूगल स्प्रेड शीट के द्वारा प्रगति की जानकारी मॉनिटरिंग कर सार्वजनिक की जाएगी। उन्होंने वार्डों में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन, डोर–टू–डोर जाकर जनमानस को जनजागरूक करेंगी टीमें।

पहलगाम नरसंहार के खिलाफ कांग्रेस में भारी आक्रोश

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में पहलगाम में कल दोपहर आतंकवादियों द्वारा किए गए पर्यटकों पर हमले को नृशंस नरसंहार बताते हुए घटना की कठोर भर्त्सना करते हुए केंद्र सरकार से आतंकवादियों व आतंकवाद पर कठोरतम कार्यवाही की मांग करते हुए आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया जिसमें प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा,नेता प्रतिपक्ष यशपाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना, विधायक फुरकान अहमद, विधायक अनुपमा रावत, विधायक वीरेंद्र जाती, महानगर अध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर सिंह गोगी, जिला अध्यक्ष मोहित उनियाल, जयेंद्र रमोला, राजवीर सिंह, राकेश सिंह मियां, गौरव चौधरी, बॉबी नौटियाल, वीरेंद्र पोखरियाल, अमन गर्ग, शीश पाल सिंह बिष्ट समेत अनेक महत्वपूर्ण नेता शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी घटना की जितनी निंदा की जाय वो कम है या एक कायराना हरकत है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि यह बहुत संयम बरतने का समय है और इस संकट की घड़ी में पूरा देश एक साथ एक जुट खड़ा है।

शहर में लगाए जाएं चक्रवर्ती सम्राट भरत की प्रतिमा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सनातन महा परिषद ने शहर में चक्रवर्ती सम्राट भरत की भव्य प्रतिमा लगवाने की मांग की है। कहा कि इससे कण्वाश्रम का प्रचार-प्रसार होगा। साथ ही युवाओं को अपने ऋषि व राजाओं के बारे में जानकारी मिलेगी।

महापरिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीएम पांडे, एसपी गौड़ व कंचन सुंडली के नेतृत्व में सदस्यों ने महापौर शैलेंद्र सिंह रावत से मुलाकात की। कहा कि मालन (मालिनी) नदी के तट पर स्थित महर्षि कण्व, विश्वामित्र और दुर्वासा जैसे ऋषियों की तपस्थली व हस्तिनापुर के चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्म स्थली कण्वाश्रम आज विकास की राह ताक रहा है।

कहा कि कण्वाश्रम को धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी अपने ऋषि मुनि व वीर राजाओं के जीवन से प्रेरणा ले सकें। कहा कि कण्वाश्रम के विकास के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार के साथ ही शहर की छोटी सरकार को भी अपना योगदान देना चाहिए। कण्वाश्रम का विकास होने से स्थानीय युवाओं को भी बेहतर रोजगार मिलेगा। जिससे उन्हें रोजगार की तलाश में अन्य शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। महापरिषद ने शहर में राजा भरत की भव्य मूर्ति स्थापित करने की भी मांग उठाई।

उत्तराखण्ड मानव नहीं साक्षात भगवान की भूमि : सर्वानंद

नई टिहरी : तीर्थपुरोहितों की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत में कथा व्यास आचार्य सर्वानंद बृजवासी ने कहा कि भगवान कृष्ण की तरह आततायियों को कालिया नाग की तरह कुचलाना होगा। भगवान भक्तों के लिए प्रेम तो दुष्टों के लिए काल के समान हैं। प्राचीन बदरी केदार यात्रा पथ स्थित बाबा काली कमली धर्मशाला में भगवान के अनेक प्रसंग सुनाते आचार्य सर्वानंद ने कहा कि भगवान को जानेंगे नहीं तो मानेंगे कैसे। श्रीमदभागवत भगवान के स्वरूप को जानने का मार्ग है। उद्धव व गोपी प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि प्रेम के ढोल के सामने ज्ञान की डुमडुमि धीमी पड़ जाती है। भगवान ज्ञान से अधिक प्रेम से वश में होते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर-खण्ड मानव नहीं साक्षात भगवान की भूमि है। कथा में मुझे उठे विरह की पीड़, वृंदावन जाऊंगी, पाती पढ़के राधा जी की बरसाने लागे नैन जैसे मधुर भजनों से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। किशोर अवस्था से ही देश के प्रमुख तीर्थों में भागवत व रामकथा कर रहे आचार्य सर्वानंद के संग भजन गायक पवन सिंह व वादक विकास सिंह तोमर, पंकज शर्मा, चेतन शर्मा ने भी खूब समा बांधा। कथा व्यास का योगाचार्य भास्कर जोशी, तीर्थ पुरोहित प्रेमलाल पंचभैया, डॉ श्रीओम शर्मा, विजय जोशी, भगवती भट्ट, अजय तिवारी, मुकेशचंद्र, अवधेश, विजय जोशी, अनुसूया मिश्रा, मिथिलेश, देवेंद्र शास्त्री, अखिलेश, अन्ना पांडे आदि ने अभिनंदन किया। (एजेंसी)

बहुत जल्द होगा राज भवन घेराव : छात्र संघ अध्यक्ष

देहरादून । 23.04.2025, वीर माधो सिंह भडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्विद्यालय मे चल रहे फर्जी डिग्री जाँच प्रकरण, भ्रस्टाचार वितीय अनिमिताओ, परीक्षा परिणाम घोषणा मे देरी आदि शिकायतो पर शासन ने सख्ती दिखाते हुए उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओमकार यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. वी. के. पटेल एवं वित नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल से विस्तृत स्पष्टीकरण माँगा है । परन्तु कल मुख्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक मे उत्तराखंड तकनिकी विश्विद्यालय के सॉफ्टवेयर घोटाले पर चर्चा न होने पर छात्रो ने तकनीकी शिक्षा विभाग एवं मंत्रालय के कुछ अधिकारिओ की मिली भगत होने का संदेह जताया है । शासन की जाँच समिति द्वारा कुलपति डॉ. ओंकार यादव द्वारा अपने निकट सम्बन्धी की इ.आर.पी. कंपनी को करोडो रुदिलवाने मे सांठ गांठ एवं मिली भगत की पुष्टि, डॉ. ओंकार यादव द्वारा विवादित इ.आर.पी. कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के शासन के आदेश को पूरी तरह से नकारने, तकनीकी शिक्षा सचिव को घूस देने की पेशकश करने एवं चोरी छिपे कुछ गिने चुने निदेशको की गुप्त मीटिंग करके आगामी सत्र मे भी विवादित इ.आर.पी. कंपनी को जारी रखने के निर्णय को सभी कॉलेजो पर जबरन थोपे जाने, परीक्षा होने के 3 माह के बाद भी अभी तक काफी रिजल्ट सही से घोषित नही होने आदि मुद्दो पर छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने तकनीकी शिक्षा सचिव से मुलाकात करके ज्ञापन दिया ।

जलस्रोत और नदियों के संवर्द्धन के बड़े प्रोजेक्ट्स भी किए जाएं शुरू मुख्य सचिव

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में जलश्रोत एवं नदी पुनरोद्धार प्राधिकरण की उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने बड़े प्रोजेक्ट न आने पर नाराजगी जताते हुए जलस्रोतों एवं नदियों के पुनरोद्धार की दिशा में सभी सम्बन्धित विभाग गंभीरता से लेते हुए कार्य करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यकारी समितियों की बैठकों नियमित रूप से आयोजित की जाएं। उन्होंने सभी जनपदों में विकासखंड स्तर से 2 से 3 गांवों से जनप्रतिनिधि एवं इच्छुक लोगों को इसके प्रति जागरुकता के लिए मानसून से पूर्व कार्यशाला आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 200 ग्राम पंचायतों को कार्यशाला में शामिल किए जाने का लक्ष्य रखा जाए।

मुख्य सचिव ने सभी सम्बन्धित संस्थानों को अपने लक्ष्य बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई और लघु सिंचाई विभाग को चेक डैम आदि बनाए जाने की दिशा में तेजी से3 कार्य किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए बजट की समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने सारा को प्राप्त प्रस्तावों में से शीघ्र कार्य शुरू किया3 जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने नैनीताल एवं टिहरी जनपद द्वारा इस दिशा में अच्छे कार्य की प्रशंसा करते हुए बाकी जनपदों को भी जलस्रोतों के संवर्द्धन की दिशा में गंभीरता से कार्य किए जाने की बात कही।

रुद्रप्रयाग में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

रुद्रप्रयाग : अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक दिवस के मौके पर जिला निर्वाचन एवं स्वीप की टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने मतदान के साथ ही समाज को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य युवा वर्ग को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करना और मतदान की महत्ता से अवगत कराना रहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल ने राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग एवं विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान न केवल एक अधिकार है, बल्कि हर व्यक्ति की एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे स्वयं भी मतदान करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। स्वीप टीम द्वारा छात्रों के लिए भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता की गई। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र बिष्ट ने कहा कि मतदान करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि एक-एक मत देश की सरकार तय करने की ताकत रखता है, इसलिए हर योग्य मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

आंतकी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें केन्द्र :भट्ट

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने पहलगाम में हुई आंतकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए जिम्मेदार आंतकी संगठन के खिलाफ कड़े एक्शन की जरुरत बताई है। भाजपा महानगर कार्यालय पर बुधवार को पहलगाम में हुई आतंकी घटना में प्राण गंवाने वाले निदोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शोक सभा आयोजित की गई। लैंसडाउन चौक पर पाकिस्तानी आतंकवाद का पुतला दहन भी किया गया। शोक सभा में उत्तराखंड प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस हृदयविदारक घटना ने सम्पूर्ण देश को आहत किया है। ये आतंकी हमला देश में अशांति का माहौल पैदा करने के लिए किया गया है। इस घटना के जिम्मेदार समूहों और आंतकियों पर सख्त से सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये घटना कायरता की पराकाष्ठा है।

आतंकी घटना को अंजाम देने वालों पर हो सख्त कार्रवाही

नई टिहरी : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की हत्या पर एबीवीपी ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए इसे लश्कर और पाकिस्तान की कायराना हरकत बताया है। उन्होंने केंद्र सरकार आतंकी घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। बुधवार को विद्यार्थी परिसर की चंबा इकाई के कार्यकर्ताओं ने एसआरटी परिसर बादशाहीथौल गेट पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाकर उनकी निर्मम हत्या की निंदा करते हुए आतंकवाद का पुतला फूंका। कहा कि अब आतंकी धर्म पूछकर लोगों को मार रहे हैं। जिससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान हिंदुओं के खिलाफ साजिश रच रहा है।

अभाविप ने केंद्र सरकार से इस घटना का बड़ा बदला लेने की मांग की है। कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाएं लगभग खत्म हो चुकी थी। वहां का पर्यटन उद्योग नई ऊंचाइयां छू रहा था। जिसे दहशतगर्द बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। अब पाकिस्तान और लश्कर ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री कैलाश बिष्ट, जिला संयोजक अंशुल भंडारी, गौतम मखलोगा, नगर मंत्री राजन सजवाण, छात्रसंघ अध्यक्ष आदित्य रतूडी, उपाध्यक्ष विपिन नेगी, नगर सह मंत्री दिव्यांशु भंडारी, जगवीर सिंगरा, परिसर इकाई अध्यक्ष सुमित बिष्ट, खेलो भारत प्रदेश सह संयोजक गौतम कुंवर, कशिश नेगी, अमन सुयाल, सचिन जोशी, विराट, अभिषेक, अनुज, हरिओम, सचिन, मनीष आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

नई सेवा नियमावली के विरोध में सहकारिता कर्मियों ने किया प्रदर्शन

नई टिहरी : साधन सहकारी समितियों के सचिव और कर्मचारियों ने नई सेवा नियमावली के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। कहा कि जबरन नियमावली को थोपा गया तो वह प्रदेशव्यापी आंदोलन को बाध्य होंगे। सरकार को यदि नियमावली इतनी ही बेहतर लग रही है तो 2025 से इसे लागू करे। पुराने कर्मियों को इससे वंचित रखा जाए।

बुधवार को टिहरी तहसील की विभिन्न साधन सहकारी समिति में कार्यरत सचिव और पैक्स कार्मिकों ने राज्य कैबिनेट की ओर से जारी नई सहकारिता नियमावली को कर्मचारियों के विरोधी बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर विरोध दर्ज कराया। अवगत कराया इससे किसानों और कर्मचारियों दोनों के हित खराब होंगे। आरोप लगाया कि सरकार समितियों के लोकतांत्रिक स्वरूप की ही हत्या करने पर तुली है। वह इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। इस मौके पर गंगा प्रसाद सेमवाल, हर्ष मणि कोठारी, देवेंद्र पुंडीर, मोहनलाल कोठारी, काजल पुंडीर, संजय रमोला, सुनील उनियाल, अमरदेव बेलवाल, चंडी प्रसाद बेलवाल, अश्विनी कुमार, मनोज सिंह, रणवीर चौहान,विजय डबराल, मुकेश सिंह, दिनेश रमोला आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

30 अप्रैल को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली की तैयारियों के लिए कांग्रेसियों की कवायद शुरू

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 30 अप्रैल को आहूत संविधान बचाओ रैली की तैयारियों के लिए पार्टी नेताओं। ने कमर कस ली है । आज प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं ने हरिद्वार व देहरादून जनपद के अध्यक्षों विधायकों व विधानसभा 2022 में इन जनपदों में पार्टी प्रत्याशी रहे नेताओं व देहरादून नगर निगम के पार्षद व पार्षद प्रत्याशियों की बैठके लीं व 30 अप्रैल को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली में बड़ी संख्य में पार्टी कार्यकर्ताओं को जुटाने के लिए हर संभव प्रयास करने की रणनीति पर विचार विमर्श किया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा ने बैठक में प्रतिभाग करने वाले नेताओं से कहा कि संविधान बचाओ का सवा महीने के कार्यक्रम का शुभारंभ 30 अप्रैल की रैली से है इसलिए इस रैली को हर हाल में विशाल करना है जिससे पूरे प्रदेश में रैली का संदेश जाए। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में जिस प्रकार से संवैधानिक संस्थाओं को या तो भाजपा सरकारें अपने कब्जे में ले रही हैं या उनको कमजोर करने का काम किया जा रहा है। संसद व विधानसभाओं को भाजपा ने चुनावी प्रणाली में हेरा फेरी कर अपने कब्जे में कर लिया है और मीडिया पर आरएसएस व भाजपा पहले ही कुंडली मार कर बैठ गई है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com